For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निधिसाययरससससि(१६७८) संखइं, संवच्छरि गिणती लेखइं।
सिवपुरीयइं पंचमि जाणी, पोह[१५८] मासइं ऊलट आणी। धन... ॥१०१॥
सिरि संति जिणिंद पसाइं, खरतरगच्छ सब हि सुहाइं।
जिनमाणिकसूरि सुपाटइं, गुरु सोहए मुणिवर थाटइं[१५९] धन... ॥१०२॥
दिल्लीपति भूपति मांनइं, साहिब अकबर सहु कोई जाणइं।
वादी जिणि अरियण जीता, पुर नयरि देसि वदीता[१६०] धन... ॥१०३॥
जिणसासणमांहे दीवो, **जिनचंदसूरि** चिरंजीवो।
तसु पायकमल प्रणमीजइ, मनवंछित जिम सहु सीझइ ॥१०५॥
वाचक श्री रायचंद सीसइं, **जयनिधांन** गणी सुभ दीसइं।
वाचइं जे निसुणइं भावइं, मणचिंतिय सब सुख पावइं ॥१०६॥

॥ इति श्रीकामलक्ष्मीचरित्रं सम्पूर्णः(म्) ॥छ॥ कल्याणमस्तु॥ श्रीरस्तु ॥ छः॥

श्रीः ॥छ॥

❋ ♦ ❋

श्रुतसागर के इस अंक के माध्यम से प. पू. गुरुभगवन्तों तथा अप्रकाशित कृतियों के ऊपर संशोधन, सम्पादन करनेवाले सभी विद्वानों से निवेदन है कि आप जिस अप्रकाशित कृति का संशोधन, सम्पादन कर रहे हैं अथवा किसी महत्त्वपूर्ण कृति का नवसर्जन कर रहे हैं, तो कृपया उसकी सूचना हमें भिजवाएँ, जिसे हम अपने अंक के माध्यम से अन्य विद्वानों तक पहुँचाने का प्रयत्न करेंगे, जिससे समाज को यह ज्ञात हो सके कि किस कृति का सम्पादनकार्य कौन से विद्वान कर रहे हैं? इस तरह अन्य विद्वानों के श्रम व समय की बचत होगी और उस समय का उपयोग वे अन्य महत्त्वपूर्ण कृतियों के सम्पादन में कर सकेंगे.

निवेदक

सम्पादक (श्रुतसागर)

१५८. पोष, १५९. समुहथी, १६०. प्रसिद्ध,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पाठक पुण्यसागर कृत

श्री जिन ३५ वचनातिशय स्तवन

सुकुमार शिवाजीराव जगताप

प्रस्तावना :

आजतक जितने भी जीव मुक्तिमार्ग को प्राप्त हूए हैं, हो रहे हैं व होंगे, उन सभी के पीछे प्रबल कारण एवं प्रकृष्ट उपकार जिनवाणी का है. 'सवि जीव करुं शासन रसी' जगत के समस्त जीवों के कल्याण की उत्कृष्ट भावना के फलस्वरूप आत्मा सर्वदोष मुक्त, सर्वगुण संपन्न तीर्थंकरत्व को प्राप्त करती है और वे ३४ अतिशय एवं ३५ वचनातिशय से युक्त होते हैं. उन ३५ वचनातिशयों की बात प्रस्तुत कृति में की गई है। 'अतिशय' शब्द का अर्थ; बृहद् संस्कृत हिंदी शब्द कोष - भाग १, पृ. २५ पर- १. 'अतिशय (वि०) आधिक्य, अधिकता, प्रमुखता, उत्कृष्टता {सुदर्शनोदय पृ० ८२}; २. अतिशय (वि०) श्रेष्ठ, प्रमुखता, प्रशंसा युक्त {जयोदय महाकाव्यम् वृत्ति २२/१६} में प्राप्त होता है । 'शब्दरत्नमहोदधिः' में भी अतिशय का अर्थ 'अतिशय (पुं०) [अति शीङ् अच्] अधिकपणुं, अतिरेक, प्रमुखता, उत्कृष्टता' इस प्रकार स्पष्ट किया है ।[१]

'अतिशय' के सन्दर्भ में जैनागम की परिभाषा की दृष्टि से स्वीकृत अर्थ 'उत्कृष्ट, श्रेष्ठ अथवा अलौकिक' ज्ञात होता है । जो सर्वसामान्य मनुष्य, देवतादि गणों के लिए भी अप्राप्य अथवा विशेष हो, ऐसे लक्षणों को 'अतिशय' कह सकते हैं ।

अतिशय युक्त अर्हंत भगवंत दिव्य देशना समवसरण[२] में बैठकर देते हैं। उसमें करोड़ों देवी-देवता, मनुष्य एवं तिर्यंचों का समावेश हो जाता है । और वे परस्पर संकोच एवं विघ्नरहित तथा सुख एवं आनंद के साथ बैठकर देशना सुनते हैं ।

पैंतीस गुणों से युक्त, सात नय और सात सौ भांगों वाली सप्तभंगी तथा दिव्य संगीतमय, अर्धमागधी (प्राकृत) भाषा में कही गई जिनवाणी एक योजन विस्तार में उपस्थित सर्व जीवों को एक ही समान ध्वनि में श्रोतव्य होती है । देवता दिव्य भाषा में, मनुष्य अपनी मानुषी भाषा में और विविध प्रकार के तिर्यंच जीव अपनी अपनी प्राकृतिक अर्थात् स्वाभाविक भाषा में इस अमृतरूपी जिनवाणी को ग्रहण करके तृप्त होकर आत्मकल्याण के पथ पर स्वयं को स्थापित कर शिवसुख को प्राप्त करते हैं ।

१. शब्दरत्नमहोदधिः - भाग १, श्री विजयनीतिसूरिश्वरजी जैन पुस्तकालय ट्रस्ट, अहमदाबाद; पृ.४१

२. समवसरणं (नपुं०) अर्हदुपाश्रय, अर्हत् सभामण्डप {जयोदय महाकाव्यम् २६/५७}; अरहंत की दिव्य देशना का स्थल। महाकवि आ. ज्ञान सागर बृहद् संस्कृत हिंदी शब्द कोष - भाग ३, प्रो. उदयचन्द्र जैन, पृ. ११४८।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

यह कृति प्राचीन मारुगुर्जर भाषा में लिखी गई है। परंतु इसमें अपभ्रंश भाषा का भी कुछ प्रभाव परिलक्षित होता है। सुगमता हेतु यहाँ ३५ गुणों का संक्षिप्त वर्णन किया गया है। मूल पाठ में विद्यमान अतिशय नामों को Bold किया गया है। प्रत में प्रतिलेखक के द्वारा गुण नामोल्लेख के साथ १ से ३५ तक क्रमांक भी दिये गए हैं। उसी क्रम में यहाँ भी गुणों का संक्षिप्त विवरण दिया जा रहा है, जिससे वाचक सुगमता से अनुसंधान कर अर्थ को ग्रहण कर सकें।

प्रस्तुत कृति के गाथाक्रमांक १९ में २७वें गुण के लिए अर्थ तो सही दिया है, परंतु प्रतिलेखक ने गुण के लिए शब्द प्रयोग 'अद्रुत' की जगह 'अद्भुत' लिखा है। ऐसा अन्य संपादित समवायांग की टीकाओं में भी मिलता है। लेकिन जंबूविजयजी म.सा. के द्वारा संपादित समवायांग टीका में गुण संगति हेतु उचित शब्द प्रयोग करते हुए 'अद्रुतत्वम्' दिया है।

३५ अतिशयों का संक्षिप्त वर्णन

शब्दाश्रयी ७ वचनातिशय-

१. संस्कारवत्- संस्कृतादि लक्षणों से युक्त।
२. उदात्त- शब्दों में उच्च वृत्तित्व।
३. उपचारोपेत- अग्राम्य वचन। (ग्रामीण भाषा रहित)
४. मेघगम्भीरघोषत्वम्- मेघ सदृश गम्भीर घोष वाली।
५. अनुनादित्वं (प्रतिनादता)- प्रतिध्वनि उत्पन्न करने वाली ।
६. दक्षिणत्वम्- सरलता युक्त।
७. उपनीतरागत्वम्- मालकोश आदि राग, संगीत के ७ ग्राम, २१ मूर्च्छना संयुक्त।

अर्थाश्रयी २८ अतिशय-

८. महार्थता- अल्प शब्दों में अत्यधिक अभिधेय कहने योग्य अर्थों का समावेश।
९. अव्याहतत्वम्- पूर्वापर वाक्यों में अविरोधी वचन ।
१०. शिष्टत्वम्- अभिमत सिद्धान्तोक्त वचन अथवा शिष्ट-वचन युक्त।
११. असन्दिग्धत्वं- सन्देह रहित ।
१२. अपहृताऽन्योत्तरत्वम्- पुनः स्पष्टता न करनी पड़े व अन्य के दूषणों को प्रगट न करनेवाले वचन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

१३. हृदयङ्गमता- मनोहर, हृदय में ग्रहण करने योग्य अतिशय सुन्दर अर्थात् हृदयस्पर्शी वचन।

१४. देशकालाव्यतीतत्वं- देश-काल प्रसंगोचित वचन।

१५. तत्त्वनिष्ठता- विवक्षित वस्तु स्वरूपानुसारी वचन ।

१६. अप्रकीर्णप्रसृतत्वम्- सुसम्बन्ध का विस्तार अथवा असम्बन्ध अधिकार अतिविस्तार से रहित।

१७. मिथः साकाङ्क्षता (अन्योन्यप्रगृहीतत्वं)- परस्पर पद-वाक्यों की सापेक्षता युक्त।

१८. आभिजातत्वम्- वक्ता एवं प्रतिपाद्यभाव के अनुरूप वचन।

१९. अतिस्निग्धमधुरत्वम्- स्नेह एवं माधुर्यपूर्ण वचन।

२०. अपरमर्मवेधिता- दूसरों के मर्म को प्रकट न करने वाली।

२१. धर्मार्थप्रतिबद्धता- धर्म तथा अर्थ से संयुक्त सम्बन्ध वाली।

२२. औदार्यम्- अभिधेय वस्तुओं की तुच्छता से रहित।

२३. अस्वश्लाघाऽन्यनिन्दिता- स्व प्रशंसा एवं पर निन्दा रहित ।

२४. प्रशस्यता- प्रशंसा के पात्र।

२५. अनपनीतत्वं- कारक, काल, वचन, लिङ्ग इत्यादि के व्याकरण सम्बन्धी दोषों से मुक्त वचन।

२६. उत्पादिताच्छिन्नकौतूहलत्वं- श्रोतागण में अविच्छिन्न कुतूहल उत्पन्न करने वाली।

२७. अद्रुतत्वम्- अतिशीघ्रता रहित।

२८. अनतिविलम्बितत्वं- अति विलम्ब से रहित।

२९. विभ्रमविक्षेपकिलिकिच्चितादिविमुक्तत्वं- विभ्रम-विक्षेप-किलिकिच्चितादि दोष रहित. (विभ्रम- वक्ता के मन की भ्रान्ति, विक्षेप- वक्ता की अभिधेय अर्थ के प्रति अनासक्ति, किलिकिंचित्- दोष, भय, अभिलाषा आदि मानसिक भावों का प्रदर्शन आदि दोषरहित वचन)।

३०. अनेकजातिसंश्रयाद्वैचित्र्यम्- वर्णनीय वस्तु आश्रयी अनेक प्रकार की विचित्रताओं वाली।

३१. आहितविशेषत्वं- वचनान्तर की अपेक्षा से स्थापित विशिष्टता वाली।

३२. साकारत्वं- विछिन्न वर्ण, पद, और वाक्य के द्वारा आकार प्राप्त वचन।

३३. सत्त्वपरिगृहीतत्वम्- साहस पूर्ण वचन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

३४. अपरिक्खेदीतत्वं- अनायास निकला हुआ वचन, खिन्नता से रहित ।

३५. अव्युच्छेदित्वम्- विवक्षित अर्थ की सिद्धि होने तक अनवच्छिन्न प्रवाह वाला वचन। इस प्रकार कुल ३५ गुणों से युक्त जिनवाणी होती है ।

कृति परिचय :

२७ गाथा निबद्ध प्रस्तुत कृति का छंद (काव्य) प्रकार स्तवन है, जिसकी स्पष्टता कर्त्ता ने स्वयं 'जिनभत्तइ विरचिय तवनबध' वाक्य से की है। कृति के प्रारंभ में जिनवाणी के निर्मल पैंतीस गुणों की स्तवना हेतु कर्त्ता ने मङ्गलाचरण करते हुए कहा है कि- काव्य में अपनी मति कला सरल, सहजसुलभ बोधगम्य हो एतदर्थ विनय गुणों से पूर्ण ऐसे जनसमूह के लिए वन्दनीय, सुखसम्पदा के कारक, सम्पदायुक्त पार्श्वजिन के चरणकमलों में नमन करता हूँ ।

प्रथम गाथा के तृतीय चरण- 'थुणिऊं जिणवयण पणतीस गुणनिम्मला' से कृति का विषय ज्ञात हो जाता है। जिनवाणी के ३५ गुणों अथवा अतिशयों का वर्णन प्रस्तुत कृति में किया गया है । कृति के अंत में कर्त्ता ने कृति विषय के आधार के रूप में समवायांगसूत्र, औपपातिकसूत्र और रायपसेणियसुत्त (राजप्रश्नीयसूत्र) वृत्ति का संदर्भ दिया है । इस कृति की भाषा अपभ्रंश एवं मा.गु. संमिश्र है, किन्तु अपभ्रंश की प्रधानता एवं आधिक्य होने के कारण इस कृति की भाषा के रूप में अपभ्रंश को स्वीकार कर सकते हैं ।

कर्त्ता परिचय :

कृति की अंतिम गाथा क्र. २७ में कर्त्ता ने अपना निम्नलिखित परिचय दिया है-

"इम गच्छ खरतर सुगुरु श्री जिनहंससूरि मुणीसरो ।
तसु सीस पाठक पुण्यसागर थुणिया जिन परमेसरो ॥

अइसय सुसंपय एहवी मह तुह पसायइ थाइज्यो ।
वीनती सगली एह विहली सामि सफली होइज्यो ॥२७॥"

'आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा' के संशोधक एवं पण्डितों के द्वारा संकलित कर्त्ता एवं विद्वानों की सूची में कुल ३७ पुण्यसागरजी का नामोल्लेख प्राप्त होता है, किन्तु इस कृति की प्रशस्ति में कर्ता के द्वारा स्वयं को खरतरगच्छीय जिनहंससूरि के शिष्य के रूप में उद्घोषित किया है और इस सन्दर्भ के साथ केवल एक कर्त्ता साम्यदर्शी है जो 'जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति की (सं.) टीका' के रचयिता पुण्यसागरजी

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

महोपाध्याय है । 'जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति की (सं.) टीका' की प्रशस्ति में विस्तृत गुरु परम्परा का उल्लेख मिलता है, जिसमें चन्द्रकुलीय बृहत्खरतरगच्छीय श्री उद्योतनसूरिजी की पट्टावली अर्थात् शिष्य परम्परा में लक्ष्मीतिलकजी - जिणमाणिक्यजी - जिनचन्द्रसूरिजी - जिनहंससूरिजी और उनके शिष्य के रूप में पुण्यसागरजी स्वयं का उल्लेख करते हैं और साथ ही टीका की रचना का प्रयोजन अपने शिष्य पद्मराजजी के अध्ययन हेतु स्पष्ट करते हैं ।[१] प्रत में इस कृति का रचनासंवत् वि. सं. १६७५ लिखा हुआ प्राप्त होता है, जिससे पुण्यसागरजी का समय निर्धारण वि. सं. १७वीं शताब्दी के उत्तरार्ध से वि. सं. १८वीं शताब्दी के पूर्वार्ध के मध्य में अनुमानित रूप से स्वीकार किया जा सकता है।

'आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा' में उपरोक्त कर्त्ता पुण्यसागरजी के द्वारा रचित मुख्य कृतियों का सन्दर्भ इस प्रकार है;- १.जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति की (सं.) टीका, २.प्रश्नशतकप्रकरण की (सं.) कल्पलतिका वृत्ति, ३.आदिजिन स्तवन, ४.जिनचंद्रसूरि अष्टक, ५.जिन पैंतीस वचनातिशय स्तवन, ६.जिनदत्तसूरि स्तुति, ७.सुबाहुकुमार संधि, ८.चौदह गुणस्थान विचारगर्भित आदिजिन स्तवन, ९.अजितजिन स्तवन, १०.महावीरजिन स्तवन, ११.क्षुल्लककुमार सज्झाय इत्यादि। इनकी प्रमुख कृतियाँ संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, तथा मारुगुर्जर भाषाओं में प्राप्त होती हैं । उपर्युक्त सभी कृतियों में कर्ता के रूप में पुण्यसागरजी का उल्लेख मिलता है, किन्तु वह खरतरगच्छीय जिनहंससूरि के शिष्य ही हैं अथवा कोई अन्य पुण्यसागरजी हैं, इसकी स्पष्टता वर्त्तमान समय में विद्वज्जनों के लिए संशोधन का विषय है ।

हस्तप्रत परिचय :

प्रस्तुत कृति का संपादन आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा स्थित ज्ञानभंडार की एकमात्र हस्तप्रत क्र. ८७६५५ के आधार पर किया गया है। प्रत में कुल पत्र संख्या ४ है । प्रस्तुत कृति हस्तप्रत के द्वितीय अनुक्रम पर पत्र क्र. २आ से ३आ में उल्लिखित है । लिपिविन्यास, लेखनकला तथा कागज आदि के आधार पर अनुमान लगाया जा सकता है कि यह हस्तप्रत वि.सं. १९वी शताब्दी में लिखी गई होनी चाहिए, प्रतिलेखक एवं लेखनस्थल अनुपलब्ध है । पंक्तियों की संख्या १५ और अक्षरों की संख्या ५२ तक प्राप्त होती है। प्रत की अवस्था फफुंदग्रस्त है साथ

३. प्रशस्ति सन्दर्भ - हस्तप्रत पृ. क्र. २५७आ से २५८अ - 'आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा तीर्थ' से प्रकाशित 'कैलास श्रुतसागर ग्रंथसूची' के खंड १.१.१, हस्तप्रत क्र. ११९, पृ. क्र.१८

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ही जलार्द्र होने के कारण कई स्थानों पर स्याही फैली हुई है, जिससे अक्षर पढ़ने में कठिनाईं होती है। इस हस्तप्रत का सन्दर्भ 'आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा तीर्थ' से प्रकाशित 'कैलास श्रुतसागर ग्रंथसूची' के खंड १.१.२१, पृ.क्र. २५६ पर से प्राप्त होता है ।

पाठक पुण्यसागर कृत

श्री जिन पैंतीस वचनातिशय स्तवन

विणयगुण पणय जणजणिय सुहसंपयं, संपयं नमवि सिरिपास पयपंकयं ।
थुणिऊं जिणवयण पणतीस गुण निम्मला, जेम सहली हवइ कावि[१] मुझ मति कला ॥१॥

उपनइ केवलन्नाणि जिननइ सुरा, रचइउं सरण तिह ठाइ तित्थंकरा ।
अद्धमागधीइ भासाइ भासइ सदा, धम्मदेसण सुणइ बार वर परिषदा ॥२॥

संस्कृतादिक छ भाषा[२] अछइ जे भली, तेहने लक्षणे सहित निरुपम वली ।
खलिय[३] मिलियाइ[४] दूषण रहित गहगहइ, प्रथम संस्कर गुण[1] एह गणधर कहइ ॥३॥

उच्चसर सार उच्चार सुर दुंदुही, नाद संवादि ओदात गुण[3] ए सही ।
हीण ग्रामीण भाषा रहित वाणीइं, एह उपचारसुपरीतता (३) जाणीयइं ॥४॥

मेघ जिम मधुर गंभीरनिर्घोषता[4], एक जोयण अधिक पसर प्रतिनादता[5] ।
सर्व श्रोतारनइं सरल भाषा पणइं, परिणमइ स्वामिनी वाणि दक्खिण गुणइ[6] ॥५॥

मालवक्केसिया पमुह सुह राग जे, सत्तसर गाम तिग मुच्छणा २१ अनु भजे ।
एह उपनीतरागत्त गुण[7] जांणीयइ । सात गुण सबदथी एह वक्खाणीयइ ॥६॥

॥ ढाल ॥

हिव अरथ अपेक्षा करि गुण अट्ठावीस, मह अत्थ मियक्खरी अत्थ कहइ बहु ईस[8] ।
पुव्वावर वचनइ न हुवइ जिहां विरोध, अव्याहतता गुण नवमउ[9] जाणि सुबोध ॥७॥

अभिमत सिद्धं तह अत्थ निवेदक इट्ठ, वाचकनइं सूचइ उत्तमता वासिट्ठ[10] ।
प्रगटारथ अक्षर कहिवाथी इक वार, सवि संसय भंजइ असंदिद्द(द्ध) गुण[11] सार ॥८॥

---

१. काव्य में, २. प्रतिलेखक के द्वारा हस्तप्रत की दाईं ओर पार्श्वरेखा के बाहर ६ भाषाओं का नामोल्लेख किया गया है, वह इसप्रकार है-संस्कृत १, प्राकृत २, सौरसेनी ३, मागधी ४, पिशाचिकी ५, अपभ्रंसी ६, ए ६ भाषा जांणवी ॥, ३. स्खलना, ४. ?

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

परवादी दूषण अविषय उत्तर दांन, ए अतिसय अपहृतं अन्योत्तर अभिधान[12] ।
अति विषम अरथ पणि परनइं हियइं प्रवेस, कर तत्र हृदयंगम[13] सुमनोहर गुण एस ॥९॥

नितु प्रस्तावोचित अर्थ कहइं अरिहंत । ए देसत कालत अव्यतीत गुण[14] संत ।
सुविसुद्ध परूपइ चउविह भाव सरूप । पन्नरम गुण ए पुण तत्वनिष्टता रूप[15]॥१०॥

संबंध मिलंत उपरि मित अत्थहिगार । अपइणपसरता[16] सोलम अइसइ सार ।
वलि माहो माहे सगला पद साविक्ख । नयवाद करीनइ ए गुण मिथसाकंख[17]॥११॥

॥ भास ॥

विवखत अर्थ कथन सीलता, ए अभिजात नाम गुण[18]सता ।
हिव सुसणिद्ध मधुरता नाम,[19]इगुणीसम अतिसय अभिराम ॥१२॥

जिम बुभुखित[५] घृत गुड भोजनइं, परम तृपति सुख पामइ मनइं ।
तिम जिम (जिन) वयण भविक जां सुणइं, ता नवि भूख तृषा सुख सुणइं ॥१३॥

परना मर्म प्रकासइ नही, ते पर मर्म अवेधक सही[20] ।
अर्थ अनइं धर्मइ प्रतिबद्धं, [२१]इकवीसम अतिसय सुप्रसिद्ध ॥१४॥

अत्थ अतुच्छ सुरचना जुत्त, ए उदारता[22] तिसय पवित्र ।
परनिंदा आतम उतकर्ष, गर्वरहित[23] जिनवचन सहर्ष ॥१५॥

अति विसिट्ठ गुणगण संजोगि, लद्ध सिलाघा[६] त्रिभुवन लोगि ।
ए प्रसस्यता[24] अतिसय भलओ, चउवीसम कहियइ निरमलउ ॥१६॥

कारक वचन लिंग कालाइ, विपरीतइ जे दूषण थाइ ।
तिणि वर्ज्जित जिन भाषित सार, ए अपनीततातिसय[25] विचार ॥१७॥

॥ भास ॥

सुर नर तिरिनइं जे सुणत थाइ, कोतूहल नव नव मानि सुहाइ ।
स्युं कहिस्यइ आगिलि हिव जिणिंद, ए अचरिजकर[26] अतिसय अमंद ॥१८॥

अति वेगि कहतउ उत्ताल दोष, तिणि वर्ज्जित अद्भूत[27] सुगुण पोष ।
तिम न करइं कहतां अति विलंब, ए अट्ठावीसम[28] गुण अबिंब ॥१९॥

---

५ . बुभुक्षित, भूखे, ६. श्लाघा, प्रशंसा, आत्मोत्कर्ष

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जे संभ्रम किल भय रोषाभिलास, अभिधेय अनादरता प्रकास।
ते विभ्रम किलकिंचित् विखेव, पभिई[७] मण दूषण रहित[29] एव ॥२०॥

भूअंतरि[८] जिम सम मेघ वृष्टि, पामइ वणांतर पमुह पुट्ठि[९]।
तिम नियनिय भासा परिणमेय, जिनवय बहुजाति विचित्र केइ ॥२१॥

बहु वत्थ[१०] सरूवणाइ, तीसम गुण जातिविचित्रता[30]।
वचनांतरथी जे बहु विशेष, ते कहियइ गुण आहिति विशेष[31] ॥२२॥

विच्छिन्न वर्ण पदनइं प्रकारि, साकार नाम अतिसय[32] विचारि।
सादृस जुत सत्वपरिग्रहीत[33] तेत्रीसम अतिसय ए वदीत ॥२३॥

जे कहतां न वि आयास थाइ। अपरिक्खेदी[34] ते गुण कहाइ।
जां सम्म विविक्षित अर्थ सिद्धि। थायइ तां भासइ जिन सुबुधि ॥२४॥

न वि कोइ अरउ रहइ अत्थ। ए अव्वुच्छेदक गुण[35] पसत्थ।
पणतीस बुधवयणातिसेष। समवाय अंग कहिआ असेष ॥२५॥

उववाइय रायपसेणिआ ण। वित्ती अणुसारइ ए वखाण।
जिनभत्तइ विरचिय तवनबध। तिणि लोउ भविय (?) सुसाणु बंध ॥२६॥

इम गच्छ खरतर सुगुरु **श्री जिनहंससूरि मुणीसरो,**
तसु सीस पाठक **पुण्यसागर** थुणिय जिन परमेसरो।
अइसय सुसंपय एहवी मह तुह पसायइ थाइज्यो।
वीनती सगली एह विहली सामि सफली होइज्यो ॥२७॥

इति श्री जिन ३५ वचनातिशय स्तवनम् ॥

७. प्रभृति, आदि, वगैरह, ८. पृथ्वी पर, ९. पुष्टि, पोषण, १०. वस्तु

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सोळमा शतकनी गुजराती भाषा

मधुसूदन चिमनलाल मोदी

१. रा. जगजीवन नरभेराम बधेकाए 'सोळमां शतकनी गुजराती भाषा' संबंधे 'गुजराती' पत्रमां केटलाक मुद्दाओ ऊठावी एम पूरवार करवा यत्न कर्यो केः

(अ) काठीआवाडमां सोळमा शतकमां बोलाती गुजराती भाषा अर्वाचीन गुजरातीना जेवी ज लगभग हती; अने ते माटे तेमणे प्रमाणो रजु कर्यां।

(ब) गुजरात तळमां सोळमा शतकमां बोलाती गुजराती भाषा अर्वाचीन गुजराती करतां जुदा प्रकारनी हती ए कबुल करवामां रा. बधेका संमत छे। तेम ज वधारामां ते एम पण कहेवा मागे छे के गुजरात तळमां संस्कृता गुर्जरी : ब्राह्मणोनुं गुजराती अने प्राकृता गुर्जरी : जैन गुजराती एम बे भाग पाडी शकाय।

उपरनां विधानोने रा. केशवराम का. शास्त्रीनो पण टेको छे ('गुजराती' २६-१-४४) 'नगीचाणाना पावळिआ' नो लेख. पा. १७०८) एमना प्रस्तुत लेखमां एमणे जूनी गुजरातीना त्रण भाग पाड्या छे।

१. प्राकृतप्रचुर तल गुजरातनी साहित्यभाषा।

२. संस्कृतप्रचुर तल गुजरातनी साहित्यभाषा।

३. तल काठियावाडनी लोकभाषा।

तल-काठिआवाडीनी समजावट करतां रा. शास्त्री ए ज लेखमां कहे छे के "तल-गुजरातमां सं. १८२५ लगभगमा जूनी भाषाना संस्कारवाळी हाथप्रतो, पत्रो, लखतो वगेरे मळे छे, ज्यारे तल-काठियावाडमां छेक सं. १४५९ थी मांडी नवा संस्कार वाळी भाषा मळे छे.... अने नरसिंहनी भाषा ते ज संभवे छे।"

आ पूर्व पक्षमां केटली अयथार्थता छे ते बताववा नीचे यत्न करवामां आवे छे।

२. बोलाती भाषामां विकार न थाय ए मानवुं ज मुश्केल छे। जीवंत वस्तुमां विकार थवो ते प्रकृतिनो नियम छे। दाखला तरीके कवि नर्मदाशंकरनी भाषा तो अर्वाचीन ज कहेवाय छतां पण अत्यारना लखाणमां अने तेमना लखाणमां अमुक जोडणी संबंधी फेरफार तो मालम पडे छे। दा. त. नर्मदाशकंर 'मारी हकीकत' ९-९-२७. कांहां (=अत्यारनुं 'क्यां'; सुरती भाषा 'कां' [सं. १९१९] भाएगाशाली (=अत्यारनुं 'भाग्यशाली;' सुरती भाषामां 'भाएग' बोलातुं दीठामां आवे छे)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जूनुं नर्मगद्य पा. ३८०-८१ [सं. १९२०]; 'नर्मपत्रावली' गुजराती-दीवाळी सने १९२३ पृ ७ 'छउं' अने 'छुं' नो सहप्रयोग [सं. १९२५] आ प्रमाणे वाक्यरचनामां, विभक्तिदर्शक अनुषंगी शब्दो (Post-positions) इत्यादिमां अणदेखातां य विकार तो थता ज रहे छे; तो पछी चारसें वर्षना गाळामां आ रीते शुं खास नहि जेवा ज फेरफार थया हशे? आ संदेह कोई पण भाषाचिकित्सकने मन नानोसूनो नथी। आपणने प्रेमानंदादिनां काव्यो पण मूळ हाथप्रतोने चोकसाईथी वापरी संपादित करी आपवामां आव्यां नथी एटले भाषाना अदृष्ट अने झीणा फेरफारोनी तारवणी काढवी जरा आपणने मुश्केल छे। में संपादन करवा धारेला मृगाङ्कलेखा रास (पंदरमी सदीना अंत के सोळमीनी शरूआतमां लखायलुं वच्छ कविनुं काव्य) खातर सोळमा अने सत्तरमां सैकानी नवेक प्रतो तपासी हती। तेमांथी हुं जोडणीना केटलाक विकल्पो नीचे आपवा मांगु छु: दा. त. इसिइ अइसइ, इसे, इशइ, इशि=हिं. ऐसी; गु. आवी; सांभलु, सांभलो, सांभलउ, सभलो=गु. सांभळो; आज्ञार्थ बीजो पुरुष अनेक वचन; सुणे बधी य हाथप्रतोमां=अप्रभ्रंश सुणि आज्ञार्थ. बीजो पु. एकवचन गु. 'सुण्य' के 'सुण'; केटलीक वार सुणि पण मालूम पडे छे। जूनी हाथप्रतोमां आ प्रकारना जोडणीना विकल्पो वारंवार मालूम पडे छे। आम बसो वर्षना गाळामां पण केट-केटला फेरफार थता जाय छे।

लखाण तो उच्चारनुं कामचलाउ प्रतीक छे; अने जूनां लखाण उपरथी ज उच्चारनो मेळ बेसाडवो ए वसमुं छे; अइ अने अउ ने माटे सोळमा सैकानी अने सत्तरमानी शरुआतनी हाथप्रतोमां करइ, करि, करे तथा करउ करु अने करो एम लखाणो दीठामां आवे छे। अइ अने इ नो प्रयोग ए करतां वधारे होवाथी अनुमान एम कराय के ए स्वरयुग्मनो उच्चार ए अने इ नी वचटनो हशे, आथी करीने कोइ लखाणमां ए नी बहुलता होय ने कोइमां अइ के इ नी बहुलता होय तेथी बे बोलीओ (dialects)नुं जुदापणुं तर्कसिद्ध थतुं नथी।

एक स्थळे 'नगीचाणाना पावळीआ' वाळा लेखमां रा. शास्त्री कहे छे के "करइ परथी काठिआवाडमां करे. करइ उपरथी मारवाडना संपर्कवाळी गुजराती भाषामां (त्रीजी भूमिकामां) करि रूप स्थापित थयुं, करि परथी करे ऊतरी शके ज नहि। आम त्रीजी भूमिकामां रूपोनो त्याग करी तल गुजरातना कविओये जुना काळथी स्वीकाराइ चूकेला काठिआवाडना करे रूपने स्वीकारी लीधुं." आ दलील आगला फकरामां बताव्या प्रमाणे टकी शकती नथी। बीजुं बिजि, शनि, वारि, तसउ, नोमि,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ठामि, मिहपा जेने रा. शास्त्री जूना संस्कारवाळां रूप कहे छे ते यथार्थ नथी। ते रूपो वैकल्पिक लेखनपद्धतिना स्वरूपनो अणसारो छे। आ प्रकारनी पद्धति दर्शावता दाखला माटे सं. १५८२ आषाढ सुदि ५ ने रविनी लखेली मृगांकलेखारास नी हाथप्रतमांथी ऊतारा आपुं छुः (पत्र. १ (ब) पं. ४-६]

तु कहि वछइ कांइ किसिऊं लज्जा कांइ आणि।
आज तां सहू इ मइ हुइ ते तु तुह्मे जाणो।।
कुमरि कहि मझ सूखडी तु गरथ अणावो
तात तह्मारा वन मांहि प्रासाद करावु।।

उपरना अवतरण परथी मालूम पडशे के अइ, इ, ए, ओ, उ, ऊ, अउ एक ज हाथप्रतमां विकल्पे वपरायला मालूम पडे छे; एटले मारवाडी शैली के काठिआवाडी शैलीना आ बाबतमां भेद लावी काल्पनिक असरो उपजावी काढवानी जरूर नथी।

बीजुं करइ मांथी करि अने करे रूप थयां तेनी वचटनुं रूप कयुं हशे तेने माटे हुं सं. १६१६ मां लखेली वसुदेव चउपइ नी हाथप्रतमांथी अवतरण आपुं छुं। [पत्र १६ ब पं. ३-४]

सिरपाखलि परदक्षण देय, ते आवी हरि हाथ रहेय।
बलतुं तेह ज हरि मूकेय, प्रतिवासुदेव प्राण चूकेय।।

देय, रहेय, चूकेय (=दिइ, रहइ, मकइ, मूकइ) ए वचगाळानां रूपमांथी दे, रहे, चुकेय ए विकार थयो। आ बधीय जोडणी वैकल्पिक पण उच्चार तो एकज ते काळे हता। दे, रहे ए कांइ काठिआवाडी भाषानां लीधेलां रूप नथी। आज कारणे जूना संस्कारवाळी तळ गुजरातनी भाषा अने नवा संस्कारवाळी काठियावाडनी लोकभाषा ए भेद ज अमान्य छे। कोइक एवां लखाणो मळे के जोडणी जरा जुदी होय तेथी करी एम पूरवार करवाने आपणी पासे प्रमाणो नथी के ते काळे ए जोडणी प्रमाणे ज उच्चार हशे। भाषाशास्त्रीनी गणतरीए लखायली भाषा करतां उच्चारायली भाषानुं मूल्य वधारे छे। रा. शास्त्री एम बतावी शकशे के धातुनां रूपो, अनुषंगी शब्दो (Post-positions) ईत्यादिनी काठिआवाडी विशिष्टताओ प्रेमानंदादिनां लखाणोमां मालम पडे छे? के काठिआवाडी हलक प्रेमानंदादिनी देशी के ढालमां मालम पडे छे?

(क्रमशः)

बुद्धिप्रकाश, पुस्तक -८२ अंक-१ मांथी साभार

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

समाचार सार

भायंदर, मुम्बई की पुण्यधरा पर प.पू. राष्ट्रसंत आचार्य भ. श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी म.सा. का ८४वाँ जन्मदिवस हर्षोल्लासपूर्वक सम्पन्न

योगनिष्ठ आचार्यदेव श्री बुद्धिसागरसूरीश्वरजी म.सा., आचार्य श्री कैलाससागरसूरीश्वरजी म.सा. तथा परमात्मभक्तिरसिक आचार्य श्री कल्याणसागरसूरीश्वरजी म.सा. के दिव्य आशीर्वाद से राष्ट्रसन्त प.पू. आचार्यदेव श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी म.सा. के ८४वें जन्मदिवस के निमित्त भाद्रपद शुक्लपक्ष-१३, दि. २३-९-२०१८ रविवार को श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ बावन जिनालय जैनसंघ के तत्त्वावधान में धर्मनगरी भायंदर के कस्तूरी गार्डन के विशाल प्रांगण में विशिष्ट महानुभावों की उपस्थिति में अत्यन्त हर्षोल्लास के साथ 'गुरु उपकार स्मरण उत्सव' मनाया गया।

पूज्य गुरुदेवश्री ने अपने ८४वें जन्मदिवस के अवसर पर विश्व को सन्देश देते हुए कहा कि आज वर्त्तमान में मैं जिस स्थिति में हूँ, यह मात्र गुरुजनों के आशीर्वाद का परिणाम है। मैं कुछ भी नहीं, मेरा कुछ भी नहीं। I am nothing, I have nothing. जो भी है, वह गुरु महाराज की कृपा है। उनके आशीर्वाद का ही परिणाम है कि जिनशासन की थोड़ी-बहुत सेवा हो सकी। परमात्मा के विचारों का प्रचार करने का कुछ अवसर मिल सका, घूमता रहा, फिरता रहा, पोस्टमैन की तरह घर-घर, प्रत्येक व्यक्ति तक परमात्मा का सन्देश पहुँचाने का प्रयास करता रहा। अनेक तीर्थंकर भगवन्तों की आत्मा ने इस भारतभूमि पर जन्म लिया, महान ऋषि-मुनियों ने अपने पावन चरणों से इस धरती को पावन किया। मेरा भी कुछ महान पुण्य होगा कि मैंने इस भूमि में जन्म लिया। श्रेष्ठ गुरुजनों का सहयोग मिला, उनका आशीर्वाद मिला, साधना के केन्द्र में प्रवेश करने का सौभाग्य मिला, किसी भी राजकीय पक्ष से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं, किसी भी सम्प्रदाय से मेरा कोई मतलब नहीं। मेरी एकमात्र भावना है, आज की वर्त्तमान स्थिति को देखकर यह विचार आता है कि यह देश व्यसनों से मुक्त हो जाए। व्यसनमुक्त भारत बने। सारे पापों का जन्मस्थान, जितने भी क्राईम आप देखते हैं, उसका सबसे बड़ा कारण व्यसन है।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इस पावन अवसर पर धर्म, कला और श्रुतज्ञान के त्रिवेणीसंगम रूप श्री महावीर जैन आराधना केन्द्र-कोबा में संग्रहित हस्तप्रतों के तीन Catalogue कैलास श्रुतसागर ग्रन्थसूची, भाग-२४, २५ व २६ का विमोचन मध्यप्रदेश के गवर्नर श्रीमती आनंदीबेन पटेल और महाराष्ट्र के मुख्यमन्त्री श्री देवेन्द्र फडणवीस के करकमलों से किया गया। श्रीमती आनन्दीबेन पटेल और श्री देवेन्द्र फडणवीसजी ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि पूज्य गुरुदेव के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर हमें उपस्थित रहने का अवसर प्राप्त हुआ है, यह हमारा परम सौभाग्य है।

प.पू. राष्ट्रसन्त श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी महाराजा के ८४वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर ११ आचार्य भगवन्त एवं ७० से अधिक श्रमण-श्रमणियों की विशेष उपस्थिति में मध्यप्रदेश के गवर्नर श्रीमती आनन्दीबेन पटेल, महाराष्ट्र के मुख्यमन्त्री श्री देवेन्द्र फडणवीस, श्री बावन जिनालय ट्रस्टमंडल, आनंदजी कल्याणजी पेढी ट्रस्टमंडल, श्री शौर्यपुरी ट्रस्टमंडल, श्री महावीर जैन आराधना केन्द्र कोबा, श्री महुडी (मधुपुरी) जैन श्वे. मू. संघ ट्रस्ट मंडल, श्री सीमंधरस्वामी जैन पेढी, महेसाणा ट्रस्ट मंडल, 'तारक महेता का उल्टा चश्मा' के 'टपु' भव्य गांधी एवं 'गोगी' समय शाह, महाभात सीरियल के दुर्योधन अर्पित रांका 'साईन शो' परिवार तथा भारत भर के समस्त जैनसंघों के पदाधिकारियों और विविध राज्यों से पधारे हुए ५००० से अधिक गुरुभक्तों ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर पूज्य गुरुदेव को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और गुरु आशीष ग्रहण किए।

पूज्यश्री के जन्मदिवस के पावन अवसर पर जीवदया, अनुकंपा एवं अभयदान की विविध प्रवृत्तियों व समाजोपयोगी विशेष कार्य किए गए, जिसमें १३६ जीवों को अभयदान, ८४ साधर्मिकों की साधर्मिक भक्ति, बावन जिनालय के सभी सेवकों का सम्मानपूर्वक द्रव्य से बहुमान, भायंदर के पांजरापोल में मिष्टान्न भोजन, स्व. हिम्मतलाल हरजीवनदास मोदी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित श्रवण टिफिन सेवा के १८० वृद्धों को मिष्ट भोजन, मीरा भायंदर शिखरबंधी सभी जिनालयों में परमात्मा की मनोहारी – दर्शनीय अंगरचना, अनुकंपा दान, अनाथाश्रम, सरकारी हॉस्पीटल में फल-मिष्टान्न प्रदान, नाकोडा भैरव चेरिटेबल सेन्टर द्वारा निःशुल्क त्रिदिवसीय मेडीकल कैम्प जैसे अनेक सुकृत किए गए।

For Private and Personal Use Only

राष्ट्रसंत प. पू. आचार्यदेव श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी म. सा. के ८४ वें जन्मोत्सव की कुछ झलकें

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

Registered Under RNI Registration No. GUJMUL/2014/66126 SHRUTSAGAR (MONTHLY). Published on 15th of every month and Permitted to Post at Gift City SO, and on 20th date of every month under Postal Regd. No. G-GNR-334 issued by SSP GNR valid up to 31/12/2021.

प. पू. राष्ट्रसंत आचार्य श्रीपद्मसागरसूरीश्वरजी म.सा. के ८४वें जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर भायंदर जैन संघ, मुंबई में कैलासश्रुतसागर ग्रन्थसूची भाग - २४,२५ व २६ का विमोचन करते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़णवीस, मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्रीमती आनंदीबहन पटेल तथा श्री नरेन्द्रभाई लालचंदजी मेहता आदि महानुभाव

BOOK-POST / PRINTED MATTER

प्रकाशक

श्री महावीर जैन आराधना केन्द्र

आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा
जि. गांधीनगर ३८२००७
फोन नं. (०७९) २३२७६२०४, २०५, २५२
फेक्स (०७९) २३२७६२४९
Website : www.kobatirth.org
email : gyanmandir@kobatirth.org

Printed and Published by : HIREN KISHORBHAI DOSHI, on behalf of SHRI MAHAVIR JAIN ARADHANA KENDRA, New Koba, Ta.&Dist. Gandhinagar, Pin-382007, Gujarat.
And Printed at : NAVPRABHAT PRINTING PRESS, 9, Punaji Industrial Estate, Dhobighat, Dudheshwar, Ahmedabad-380004 and
Published at : SHRI MAHAVIR JAIN ARADHANA KENDRA, New Koba, Ta.& Dist. Gandhinagar, Pin-382007, Gujarat. Editor : HIREN KISHORBHAI DOSHI

For Private and Personal Use Only